## सार-समाचार

### 'खाजपुर पुराना में पानी की किल्लत दूर होगी'

**झुंझुनूं,** (निसं)। ग्राम पंचायत खाजपुर नया के ग्राम खाजपुर पुराना में सांसद बृजेंद्र ओला की अनुशंसा पर स्वीकृत ट्ययूबवैल के निर्माण कार्य का शुभारंभ सरपंच भागीरथ बुडानिया ने किया। ग्राम सेवा सहकारी समिति के डायरेक्टर नरेश काला ने बताया कि गांव का सबसे पुराना कुआं पूर्णतया सूख गया था। जिसके चलते ग्रामवासियों को पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस पीड़ा को सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणजनों द्वारा सांसद बृजेंद्र ओला के समक्ष रखने पर एक ट्यूबवैल की स्वीकृति दी गई। जिसके निर्माण कार्य के शुभारंभ के अवसर पर उप सरपंच विजयपाल महला, पूर्व सरपंच रणवीर मीणा, दलीप महला, नरेश काला, जवाहर काला, किशनलाल जांगिड, दाताराम जांगिड, अजय काला, रोहिताश महला, शेरसिंह शेखावत, धर्मपाल मीणा, सतवीर शेखावत, हरफूल बराला, गोपीराम महला, गोपाल बिरख, रामदेव शर्मा, सुमेर शेखावत, देवकरण महला, राजेन्द्र शर्मा, जयकरण मीणा, प्रताप भडिया, सुभाष डूडी, बाबूलाल जांगिड़, ख्यालीराम भडिया, विनोद मीणा, अनिल महला, अर्जुन मीणा, सांवत शेखावत, जयराम मीणा, विजय महला, मनीराम महला, मनोज शर्मा, संतोष शर्मा, राहुल भडिया, आशीष शर्मा, प्रदीप शर्मा, जगपाल भड़िया, जगदीश डूडी, प्यारेलाल भड़िया, रोहिताश शर्मा, सरदार सिंह महला, नरपत शेखावत, कालू मीणा, महेंद्र शेखावत, सेठी शीला, मुकेश मीणा, हरिसिंह मीणा, धर्मेंद्र जांगिड, सचिन शर्मा, कुलदीप महला, सुरेंद्र मीणा, छगन मीणा, मामराज भडिया, कमल महला, अंकुर शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं मौजूद थे।

### 28वां निःशुल्क भोजन शिविर संपन्न

**झुंझुनूं,** (निसं)। श्री श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट झुंझुनू द्वारा श्री श्याम टेक्सटाइल के सहयोग से भाद्रपद अमावस्या के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस साल भी 28वां निःशुल्क भोजन शिविर एवं साउथ इंडियन व्यंजन की व्यवस्था चूणा चौक स्थित रामलीला पार्क में आयोजित हुआ। इस भंडारे का लाभ प्रत्येक वर्ष हजारों श्रद्धालुओं द्वारा लिया जाता है। भंडारे का उद्घाटन महामंडलेश्वर डॉ. अर्जुनदास महाराज, विधायक राजेंद्र भांबू, भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि एवं अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष गणेश हलवाई चिडावावाला द्वारा फीता काटकर किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने इसका लाभ उठाया। कार्यक्रम में श्याम टेक्सटाइल के राजकुमार सिंघानिया, विनोद कुमार सिंघानिया, रितेश सिंघानिया, विशाल सिंघानिया, कपिल गाडिया, उमेश जालान, नवीन मोदी, पवन मोदी, नवल खंडेलिया, दिनेशचंद्र अग्रवाल, सुभाष पारीक, संजय शर्मा, मधुसूदन तुलस्यान, शिवचरण पुरोहित, राजकुमार मोरवाल, नारायण चालान, पवन गाडिया, हरीश तुलस्यान, शरद शर्मा, सुशील रिंगसिया, दिलीप हंसासरिया, प्रमोद खंडेलिया, नेमी अग्रवाल, पार्षद विजय सैनी, प्रदीप पाटोदिया, संजय पारीक, परमेश्वर हलवाई, गुड्डू गाडिया, अजीत राणासरिया, गोपाल कृष्ण गुप्ता, सुरेन्द्र अग्रवाल चिडावावाला, नीटू केडिया, कैलाश सिंघानिया आदि उपस्थित थे।

### जर्जर पानी की टंकी को गिराया

**रतनगढ़** (निसं)। शहर की चूरू रोड पर भानीधोरा के पास स्थित एक पुराना और बेकार हो चुका पानी का ऊंचा जलाशय (उच्च जलाशय) रविवार को रात में गिरा दिया गया। यह काम जलदाय विभाग ने शुरू किया था, लेकिन दिन के समय वहां रहने वाले लोगों ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर इसे रोकने की मांग की थी। इसके बाद, विभाग के अधिकारियों ने ठेकेदार को पूरी सुरक्षा व्यवस्था करने के बाद ही इसे गिराने का निर्देश दिया। जलदाय विभाग की शहरी जेईएन पूजा गौड़ ने बताया कि यह काम रविवार को रात करीब 11 बजे पूरा किया गया। उन्होंने बताया कि यह जलाशय अमृत 2.0 योजना के तहत गिराया गया है, और इसकी जगह 800 किलोलीटर क्षमता का एक नया उच्च जलाशय बनाया जाएगा।अधिकारियों के अनुसार, पुराने जलाशय में 3 लाख लीटर पानी का भंडारण होता था, जबकि नया बनने वाला जलाशय 8 लाख लीटर पानी का भंडारण कर सकेगा, जिससे क्षेत्र में पानी की आपूर्ति में काफी सुधार होगा।

### कुमावत छात्रावास ट्रस्ट का चुनाव कार्यक्रम जारी

**सीकर** (निसं)। नवलगढ़ रोड स्थित कुमावत छात्रावास ट्रस्ट के छह पदों के लिए 6 सितंबर को होने जा रहे ट्रस्ट कार्यकारिणी चुनाव का कार्यक्रम आज मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर अर्जुन लाल कुंडलवाल ने जारी कर दिया है। कार्यक्रम के अनुसार 3 सितंबर को सुबह 9 से 1 बजे तक नामांकन फॉर्म भरे जाएंगे इसके बाद नामांकन फार्म की जांच 1 से 2 तक की जाएगी नाम वापसी का समय दोपहर 2 से 4 रहेगा और चुनाव चिन्ह आवंटन शाम 5 बजे किये जाएगा। शनिवार 6 सितंबर को सुबह आठ से दो बजे तक मतदान किया जाएगा और तीन से मतगणना की जाएगी। मुख्य चुनाव अधिकारी अर्जुन लाल कुंडलवाल ने बताया कि कुमावत छात्रावास ट्रस्ट के 426 आजीवन सदस्य अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री, उपमंत्री, कोषाध्यक्ष और उपकोषाध्यक्ष के छह पदों के लिए पदाधिकारी चुनेंगे।

### खठौड़ रतनगढ़ नगर उपाध्यक्ष नियुक्त

**रतनगढ़** (निसं)। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव ओम मिश्रा के निर्देशानुसार, चूरू जिला अध्यक्ष दिनेश लाहोटी एवं रतनगढ़ नगर अध्यक्ष रमेश मोयल की अनुशंषा पर राजस्थान प्रदेश प्रभारी विनोद प्रजापति ने समाजसेवा और संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय योगदान को देखते हुए गोविन्द प्रसाद खठौड़ को रतनगढ़ नगर उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। सनातन सेवा न्यास निरंतर मंदिरों और मठों के संरक्षण, सनातन संस्कृति के संवर्धन तथा समाज में जागरूकता लाने के कार्यों में सक्रिय रहा है। संगठन का प्रयास है कि समाज में सेवा, सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों की भावना मजबूत हो।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया

**झुंझुनूं,** (निसं)। ग्वालियर में लॉयंस क्लब इंटरनेशनल की दो दिवसीय प्रांतीय केबिनेट मीटिंग एवं पदस्थापन तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें रीजन पुष्प के रीजनल चेयरपर्सन लॉयन डॉ. एनएस नरूका, रीजनल सेक्रेटरी लॉयन डॉ. उम्मेद सिंह शेखावत, लॉयंस क्लब झुंझुनूं के अध्यक्ष लॉयन डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत, केबिनेट सदस्य एमजेएफ लॉयन अमरनाथ जांगिड़ एवं लॉयन शिवकुमार जांगिड़ शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व अंतरराष्ट्रीय डायरेक्टर एमजेएफ लॉयन प्रवीण छाजेड़ द्वारा रीजनल चेयरपर्सन लॉयन डॉ. एनएस नरुका एवं केबिनेट सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाई गई।

### गणेश महोत्सव का भव्य आयोजन होगा

**सीकर** (निसं)। श्री महादेव नवयुवक मंडल द्वारा गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में तीन दिवसीय गणेश महोत्सव आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम संयोजक सूरज कच्छावा ने बताया कि सिटी डिस्पेंसरी नंबर दो के पीछे शिवजी मंदिर के पास आयोजित होने वाले तीन दिवसीय महोत्सव में रिद्धि सिद्धि के दाता भगवान श्री गणेश जी महाराज की संत महात्माओं की उपस्थिति में पूजा अर्चना के साथ सुबह शाम आरती के साथ महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन तथा शाम को प्रतिदिन आरती के पश्चात नन्ही मुन्नी बच्चियों द्वारा धार्मिक नृत्य एवं गायन की प्रस्तुति दी जाएगी कार्यक्रम संयोजक ने सभी धर्म प्रेमियों से कार्यक्रम में पधार कर धार्मिक पुण्य कमाने की अपील की है।

### नेत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर कल

**रतनगढ़** (निसं)। रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान मे 30 वां निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 27 अगस्त 2025 वार बुधवार को माहेश्वरी भवन ,रामचंद्र पार्क के पास होगा। शिविर प्रभारी व ट्रस्टी नरेंद्र झंवर ने बताया कि झंवर परिवार के द्वारा लगने वाले शिविर में मरीजों की निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का ऑपरेशन जयपुर ले जाकर किया जाएगा। शिविर में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूर्णता निःशुल्क रहेगी।

### धरना 8वें दिन जारी

**सादुलपुर,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) उपशाखा राजगढ द्वारा एस डी एम महोदया की हठधर्मिता व अलोकतांत्रिक तरीके से दिए गए संगठन के कार्यकर्ताओं को दिए गए नोटिसो के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को आठवें दिन की जारी रहा। शाम साढे चार बजे दी जानकारी के अनुसार ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह पूनिया ने बताया कि मंगलवार 26 अगस्त को जिले के समस्त उपखंडों पर एसडीएम महोदया की हठधर्मिता के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। ब्लॉक मंत्री संजय खींचड ने बताया कि आज आठवें दिन धरने पर ईश्वर लाल छिंपी व हीरालाल बेनीवाल बैठे। ब्लॉक सभाध्यक्ष सुरेश नायक ने कहा कि प्रशासन की तरफ से अभी तक कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली है तथा बिना उचित आधार के नोटिस दिया जाना शिक्षकों के अधिकार का हनन है।

# 'प्रदेश के विद्यार्थी अब अपने मताधिकार और नैतिक मतदान के प्रति जागरूक होंगे'

- निर्वाचन विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के बीच हुआ एम.ओ.यू.
- प्रदेश के विद्यार्थियों में मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में यह एमओयू मील का पत्थर : मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**सीकर** (निसं)। निर्वाचन साक्षरता एवं मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में निर्वाचन विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के बीच सोमवार को शासन सचिवालय, जयपुर में ऐतिहासिक एमओयू हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन एवं शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग श्री कृष्ण कुणाल ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस संयुक्त एमओयू के तहत राज्य के समस्त माध्यमिक/उच्च माध्यमिक स्तर के राजकीय एवं निजी विद्यालयों में भारत निर्वाचन आयोग की संकल्पना को साकार करते हुए स्कूल निर्वाचन साक्षरता क्लब का सुदृढ़ीकरण एवं ईएलसी गतिविधियों का सुचारू संचालन संपन्न हो सकेगा।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री महाजन ने कहा कि राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग के पर्यवेक्षण में राजकीय एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को शामिल करते हुए निर्वाचन साक्षरता क्लब गठित कर संचालित किया जा रहे हैं। इन क्लबों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग के लिए शाला दर्पण पोर्टल एवं प्राइवेट स्कूल पोर्टल पर ऑनलाइन ईएलसी एंट्री मॉड्युल उपलब्ध कराया गया है। देश में राजस्थान स्कूल ईएलसी के सुदृढीकरण हेतु डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने वाला संभवतः पहला राज्य है। अब कक्षा 9 से 12वीं में अध्ययनरत 17 वर्ष के समस्त विद्यार्थियों का अग्रिम रूप से मतदाता पंजीकरण आसान होगा और 18 वर्ष की आयु को पूर्ण करते ही विद्यार्थियों को उनका मतदाता पहचान पत्र प्राप्त हो जाएगा, जिससे वो आगामी चुनावों में सक्रिय मतदाता के रूप में अपना कर्तव्य निभा सकेंगे।

महाजन ने कहा कि इस का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर मतदाता शिक्षा, जागरूकता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करना तथा भावी मतदाताओं में निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति समझ विकसित करना है। साथ ही भविष्य में भारत निर्वाचन आयोग एवं शिक्षा मंत्रालय-भारत सरकार के निर्देशन में एनसीईआरटी द्वारा विकसित मतदाता शिक्षा से संबंधित पाठ्यक्रम को राज्य की स्कूल शिक्षा में शामिल किया जाना प्रस्तावित है।

शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग श्री कृष्ण कुणाल ने कहा कि इस एमओयू से हम विद्यार्थियों के समग्र विकास की ओर अग्रसर होंगे और उनमें मतदाता शिक्षा एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का समावेश हो सकेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सत्र 2025-26 के शिविरा कैलेंडर में ईएलसी गतिविधियों को पहले ही शामिल कर लिया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत मतदाता जागरूकता से संबंधित अध्याय भी जोडे जा रहे।

राज्य के विद्यालयों में संचालित ईएलसी क्लब एवं आयोजित गतिविधियों की शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से दोनों विभागों द्वारा विभिन्न स्तर पर सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होने कहा कि इस एमओयू से हम मतदाता जागरूकता एवं शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक प्रतिबद्धता से कार्य कर सकेंगे।

कुणाल ने कहा कि आज निष्पादित किए गए के माध्यम से हम निर्वाचन विभाग के साथ संकल्प लेते हैं कि विद्यालयों में निर्वाचन साक्षरता के लिए अनुकूल वातावरण विकसित कर हमारे विद्यार्थियों को उनके वोट के महत्व और मूल्य के बारे में प्रभावी रूप से शिक्षित करेंगे और सशक्त लोकतंत्र की ओर अग्रसर होंगे।

**यूथ चला बूथ का विमोचनः-** इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन ने निर्वाचन विभाग द्वारा शुरू की गयी त्रैमासिक विभागीय पत्रिका (यूथ चला बूथ) का विमोचन भी किया गया। उन्होंने कहा कि यूथ चला बूथ पत्रिका खास तौर पर युवा मतदाताओं पर केंद्रित है जिसमें प्रमुख रूप से ईएलसी यानि निर्वाचन साक्षरता क्लब में होने वाली जागरूकता गतिविधियों को शामिल किया जाएगा।

कार्यक्रम में राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान (एसएमएसए), राजस्थान शिक्षा परिषद एवं आयुक्त, स्कूल शिक्षा अनुपमा जोरवाल एवं संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ रौनक बैरागी सहित दोनों विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राजगढ़ के महाराणा प्रताप चौक पर दो फीट जल भराव से हालात खराब

- पानी निकासी नहीं होने से लोग परेशान

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ कस्बे में जल भराव की बनी स्थिति के कारण महाराणा प्रताप चौक के हालात बद से बदतर हो गये हैं। मगर अभी तक लोगों को राहत नहीं मिल पाई है।

सोमवार दोपहर एक बजे दी जानकारी में महाराणा प्रताप के चौक के आसपास के लोगों का कहना है कि महाराणा प्रताप चौक एरिया में जल भराव के कारण लोगों के घरों में दो-दो फीट पानी भर गया है तथा लोगों को आवागमन भी बन्द हो गया है।

गौरतलब है कि रविवार एवं सोमवार सुबह 8 से 9 बजे तक हुई बारिस से आम रास्तो में पानी भर गया है, वही महाराणा प्रताप चौक में करीब डेढ-दो फिट पानी भरने से चारो तरफ के रास्ते पूरी तरह से जलमग्न हो गये हैं तथा बरसाती पानी की निकासी के अभाव में आसपास के लोग घरों में ही कैद हो चुके है।

ऐसे में वाहन चालकों व राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पड रहा हैं। हांलाकि कुछ लोग रास्ता बदलकर इधर-उधर जाने को मजबूर हैं।

वहीं पानी ज्यादा भरने से कुछ लोग ट्रेक्टर पर सवार होकर रास्ता पार करते नजर आए। गौरतलब है कि महाराणा प्रताप चौक एरिया राजगढ कस्बे का ह दय स्थल माना जाता है, लेकिन शहर का पानी इस एरिया में आने के कारण हर बार ही जल भराव की समस्या बन जाती है, लेकिन इस समस्या का अभी तक स्थाई समाधान नहीं होने के कारण एक एरिया के लोग अपने आपको ठगा सा महसूस करते हैं।

हालांकि इस एरिया की पानी निकासी के लिए करीबन एक करोड से अधिक रूपये की स्वीकृति भी जारी हो चूकी है, मगर अभी तक इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पाया है।

## मुकेश कुमार शर्मा अध्यक्ष एवं रामावतार दायमा मंत्री बने

**सिंघाना,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम उपशाखा सिंघाना का वार्षिक अधिवेशन एवं कार्यकारणी निर्वाचन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिंघाना में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षक नेता राजकुमार मूंड, अध्यक्ष प्रधानाचार्य राजेश सोमरा, विशिष्ट अतिथि प्रदेश मुख्य महामंत्री उम्मेद सिंह डूडी, जिला मंत्री सुदेश यादव, शिवराम यादव, सुरेन्द्र कुमार, इंद्रपाल यादव व विनोद कुमार रहे।

निर्वाचन अधिकारी सुदेश यादव ने नवनियुक्त कार्यकारणी की घोषणा की। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा, मंत्री रामावतार दायमा, कार्यकारी अध्यक्ष सत्यप्रकाश यादव, कोषाध्यक्ष दिनेश जांगिड़, सभाध्यक्ष बलबीर सिंह, उप सभाध्यक्ष दिलीप मीणा, महिला उप सभाध्यक्ष मंजू भास्कर, उपाध्यक्ष प्राशि देवेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा नरेंद्र योगी, महिला उपाध्यक्ष अंजू भास्कर, महिला मंत्री सरोजबाला, प्रवक्ता सुमित कुमार, ऑडिटर प्रवीण, सदस्य व्याख्याता कुलदीप सिंह, शिक्षा प्रसार अधिकारी विनोद सैनी, सदस्य पंचायत राज सज्जन फोगाट, सदस्य अध्यापक ललित शर्मा, सदस्य पुस्तकालय अध्यक्ष योगेन्द्र यादव, संस्कृत शिक्षा टीना शर्मा, शारीरिक शिक्षक अजय कुमार, प्र.स. मनीषा, प्रबोधक महावीर सूनिया, संगठन मंत्री अजय सिंह, महिला संगठन मंत्री मुकेश यादव, महिला संयुक्त मंत्री मेनका, कार्यालय मंत्री विरेन्द्र सिंह बने। नवनियुक्त कार्यकारणी को शपथ दिलाई गई।

अधिवेशन में शिक्षकों के विभिन्न मुद्दों पर विचार किया गया। प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे वार्ता के दौरान संगठन के वरिष्ठ सदस्यों से बाहरी व्यक्ति द्वारा की गई अभद्रता व गुंडागर्दी के लिए रोष प्रकट किया गया व 26 अगस्त को जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन प्रदर्शन की रणनीति बनाई गई।

## 'भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बताती है'

- 1100 लड्डुओं से भोग लगाकर गणेश जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा

**बीदासर** (निसं)। कस्बे में गणेश जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गणेश मंदिर व पांडालों में चल रहे धार्मिक आयोजन के तहत रात्रिकालीन होने वाली महा आरती में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में श्री शिवम सुंदरकांड सेवा समिति के तत्वावधान में चल रहे गणेश जन्मोत्सव के तहत मंगलवार को गणेश जन्मोत्सव के उपलक्ष में भगवान गणेश को 1100 लड्डुओं से भोग, गणेश दुग्धाभिषेक व शाम 5.30 बजे गाजे बाजे के साथ गणेश जन्मोत्सव मनाया जाएगा। रात्रि में महा जागरण का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महावीर सांखला एंड पार्टी के भजन गायकार भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।

वहीं सोमवार को शिव महा पुराण कथा का वाचन करते हुए वृंदावन धाम के धन्वंतरी दास महाराज ने भगवान शिव की अनेक महिमाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बताती है। कथा के शुभारंभ पर व्यासपीठ की पूजा अर्चना मुख्य यजमान श्रवण सिंह राजपुरोहित, समिति के अध्यक्ष दीपक सांखला, कोषाध्यक्ष सुशील कंदोई, सुरेश कंदोई, केशव, बालकिशन शर्मा, चंद्र प्रकाश प्रजापत, मास्टर गोपाल छापोला, विजय सिंह राजपुरोहित, सत्यनारायण दर्जी, बृजमोहन नामदेव, विशाल सोनी, लक्ष्मीपत सोनी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने की।

वहीं कस्बे की धार्मिक संस्था गणेश जन्मोत्सव के तत्वावधान में पुराने गणेश मंदिर स्थित टांटिया धर्मशाला में चल रहे गणेश जन्मोत्सव के तहत मंगलवार को गणेश जन्मोत्सव गाजे बाजे के साथ मनाया जाएगा। समिति के दीन दयाल शर्मा ने बताया कि रात्रि में महा जागरण का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जोधपुर के पुरुषोत्तम शर्मा एंड पार्टी के भजन गायकार भजनों की अमृत वर्षा करेंगे।

**शिव महा पुराण कथा में सोने की चैन कटीः-** गणेश जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कस्बे के सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में चल रही शिव महा पुराण कथा के दौरान रविवार को दो महिलाओं की सोने की चैन कट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड 11 की मंजू देवी धर्मपत्नी द्वारका प्रसाद कंदोई की दो भरी सोने की चैन कथा की आरती के समय तथा तारा देवी खटेड कथा के समापन के बाद गेट से बाहर निकली तो उसके गले से 18 ग्राम सोने की चैन कट गई। जिससे समिति के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे, लेकिन सोने की चैन काटने वाले चोरों का आज दूसरे दिन भी कोई सुराग नही लगा। समाचार लिखे जाने तक दोनों महिलाओं की तरफ से पुलिस थाना में कोई मामला दर्ज नही करवाया गया है।

## गरीब परिवार के मकान निर्माण का भूमि पूजन किया

**राजलदेसर** (निसं)। कस्बे के वार्ड नं 26 भावनदेसर रोड पर एक गरीब परिवार तिरपाल की झोपडी बनाकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। परिवार में 6 सदस्य है कोई कमाने वाला नहीं है 4 लड़की व 1 लडका एवं बुजुर्ग महिला शामिल है। सरकार की ओर से कोई सुविधा नहीं मिल रही है यहां तक की लेट बाथरूम भी नहीं है। ना ही बिजली, पानी, गैस का कनेक्शन है मुश्किल से गुजरा कर रहे हैं। जब इस बात की जानकारी कस्बे की सामाजिक संस्था राजाणा मिट्टी प्रेमी सेवा समिति को मिली तो समिति के संरक्षक प्रदीप कुण्डलिया, अध्यक्ष हेमराज सुथार, उपाध्यक्ष शंकर खडोलिया, जगदीश पाण्डिया, विक्रम शर्मा, छत्रसिंह बोथरा, पपू भाटी, भजनलाल पारीक, गौरीशंकर मारू अन्य समिति के सदस्यों ने विचार विमर्श करके मौके पर जाकर स्थिति का जायज़ा लिया। जिसमें समिति ने निर्णय लिया कि गरीब परिवार को आशियाना बनाकर दे जिसमे एकबार 1 कमरा, 1 लेट बाथरूम, रसोई का सोमवार सुबह 10 बजे भूमि पूजन किया गया।

# निरतंर पेयजल सप्लाई व्यवस्था को लेकर विधायक ने बैठक ली

**सादुलपुर,** (निसं)। सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली के आवास पर सोमवार को जलदाय विभाग के अधिकारियों ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में निरतंर पेयजल सप्लाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विधायक न्यांगली के साथ विचार-विमर्श किये। शाम चार बजे मिली जानकारी के अनुसार न्यांगली ने विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए समय पर मोनिटरीग करने के निर्देश दिए और पेयजल सप्लाई के लिए जो नई पाईप लाईन

- 'शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सुधार के लिए विभाग निरतंर मॉनिटरिंग करें'



सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली ने जलदाय विभाग के अधिकारियों की बैठक ली।

डाली गई थी उनके मिलान करवा कर वंचित स्थानों पर भी पानी अतिशीघ्र सप्लाई करने के निर्देश दिए है। साथ ही शहर में पाईप लाईन लीकेज होने के कारण जो सप्लाई में व्यवधान पैदा होता है, उन लोगो के घरो में गंदा पानी जाता है, उस पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। विधायक ने ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रत्येक घर तक पानी सप्लाई को लेकर गंभीरतापूर्वक कार्य करने और हर कार्य की मॉनिटरिंग कर उसको धरातल पर लागू करने के लिए निर्देश दिए है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी के द्वारा अपने कार्य के प्रति लापरवाही की जाती है तो वह सहन योग्य नहीं होगी।

## सार-समाचार

### लापता नाबालिग बालिका का नहीं लगा सुराग

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ थाने क्षेत्र के एक गांव की 25 दिनों से लापता हुई नाबालिग बालिका का अभी तक सुराग नहीं लगा है। जिसको लेकर कुछ ग्रामीण सोमवार दोपहर को राजगढ थाने में पहुँचकर पुलिस अधिकारियों से मिलकर नाबालिक को जल्द से जल्द ढूढने की गुहार लगाई है। दोपहर सवा एक बजे मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों का कहना है कि गांव से 1 अगस्त को नाबालिक बालिका घर से अचानक बिना कुछ बताए चली गई, जिसका इधर उधर ढूढने व पूछने के बाद भी आज तक कोई सुराग नहीं लगा है। जबकि परिजनों ने चार दिन बाद ही राजगढ पुलिस थाने में मामला दर्ज करवा दिया था, लेकिन उसके बाद भी कोई पता नहीं लगा है। वहीं एएसपी किशोरी लाल ने बताया कि टीमे बनाकर जल्द से जल्द बालिका को दस्तयाब करने का प्रयास किया जायेगा। सोमवार को बहुजन पार्टी के प्रदेश महासचिव दईराम मेघवाल, शहीद भगत सिंह फोर्स के अनूप पूनिया सहित अनेक लोगों ने पुलिस अधिकारियों से मिलकर जल्द से जल्द लापता नाबालिग बालिका को ढूंढने की गुहार लगाई है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि दो दिनों में नाबालिक बालिका नहीं मिली तो प्रदर्शन कर आंदोलन करने को मजबूर होना पडेगा। इस दौरान समुंद्र सिंह, राजकुमार कालेरा, भीम सिंह वालिया, महेंद्र, सेठी भामी, महबूब, चरण सिंह, लीलाधर शर्मा, मनोज स्वामी, भागीरथ व चंद्रभान आदि लोग उपस्थित रहे।

### क्षेत्र में बारिश का दौर जारी

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ तहसील क्षेत्र में सोमवार को फिर से बरसात का दौर रुक-रुक कर जारी है, जिसके कारण अब किसानों की चिंता बढती हुई नजर आने लगी है। दोपहर 1 बजे मिली जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में सुबह-सुबह बारिश के चलते खेतो में कटाई की गई फसले पानी में तैरन कर खराब होना शुरू होने लगी हैं। गांव धोलिया के दीनू राठौड, गुलशन फगेडिया ने बताया कि बारिश से खेतों काटी हुई फसल पर पानी फिर गया है। वही समतल जमीन पर पानी भरने से खडी फसलों में भी भारी नुकसान हो रहा हैं। इसके साथ-साथ गांव ददरेवा, मानपुरा, बैरासर व लंबोर आदि गांवों में लगातार हो रही बारिश से किसानों की चिंता बढनी शुरू हो गई हैं। मगर अब देखने वाली बात यह है कि आखिर इन्द्र भगवान मेहरबान होने से लगातार हो रही बरसात लोगों के लिए आफत बनेगी या फिर राहत लेकर आयेगी। गौरतलब है कि बहुत से गांवों में पहले से ही मूंग की फसलों में गोजा लट का भंयकर प्रकोष होने के कारण किसानों की मूंग की फसले नष्ट हो चूकी है, लेकिन जिन किसानों ने फसल की कटाई कर रखी है, अब उनकी फसले बरसात के कारण नष्ट हो रही है, जो कि क्षेत्र के किसानों के लिए दुखभरी खबर है।

### सिद्धि विनायक मंदिर में झांकी सजाई

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। यहां के सर्व सिद्धि विनायक मंदिर में ग्यारह दिवसीय गणेश जन्मोत्सव कार्यक्रम के सातवें दिन शनिवार को भगवान गणपति की मेवों की झांकी सजाई गई। गणेश जन्मोत्सव समिति के व्यवस्थापक प्रमोद मंगलूनेवाला ने बताया कि 17 अगस्त से 27 अगस्त तक ग्यारह दिवसीय कार्यक्रम में 17 अगस्त से 18 अगस्त तक आर्टिशियल झांकी व 19, 20 व 21 अगस्त को मोतियों की झांकी सजाई गई जबकि 22 अगस्त व 23 अगस्त को मेवो की झांकी सजाई गई तथा 24 अगस्त फूलों की झाकी, 25 अगस्त फलों की झांकी व 26 अगस्त की रात्रि को छप्पन भोग झांकी सजाई जाएगी। 26 अगस्त को प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा रात्रिकालीन जागरण आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 27 अगस्त बुधवार की सुबह मंदिर प्रांगण में भगवान गणपति का 1008 लड्डुओं, दुग्धा व दूर्वा अभिषेक होगा जबकि दोपहर में गणेश जी महाराज की कथा की जाएगी। इसी दिन शाम को 4 बजे गणेश जी महाराज की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में महिला कलश यात्रा, विभिन्न संस्थाओं की आकर्षक झांकियां, भजन मंडली शामिल होगी।

### प्रधानमंत्री जनधन शिविर आज

**सीकर,** (निसं)। अग्रणी जिला प्रबंधक ननंद लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री जनधन शिविर का आयोजन श्रीमाधोपुर के नांगल में 26 अगस्त को आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नागरिकों को मुख्यधारा की बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से केंद्र सरकार, राज्य सरकार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री जनधन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 30 सितम्बर 2025 तक विभिन्न पंचायत स्तरों पर चरणबद्ध रूप से आयोजित किए जाएंगे। शिविर में प्रधानमंत्री जनधन खाता खोलना, पीएमजेडीवाई खातों में नामांकन, पीएमजेडीवाई खातों में पुनः कार्यवाही), पीएमजेजेबीवाई नामांकन, पीएमएसबीवाई नामांकन, पीएमएपीवाई नामांकन और साइबर धोखाधड़ी के प्रति जागरूकता के लिए आयोजित किया जायेगा।

### नवीन कार्यसमिति गठित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। इंदिरा गांधी दुर्गा पूजा समिति की बैठक रविवार को आयोजित हुई जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यसमिति का गठन किया गया। गठित कार्यसमिति ने लक्ष्मीकांत चूडीवाला अध्यक्ष, मनोज आत्माराम जालान मंत्री तथा नवीन शर्मा कोषाध्यक्ष चुने गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी नवरात्रों में 9 दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव पूर्व की भांति धूमधाम और भव्यता से आयोजित किया जाएगा। सभी धार्मिक कार्यक्रम परंपरा अनुसार सम्पन्न होंगे।पवन गोयनका की अध्यक्षता में हुई बैठक में समिति के संरक्षक राजकुमार ध्यावडा, कमलेश खेड़िया, पूर्व अध्यक्ष सवाई सिंह चौहान, मंगल चंद सैनी, संजय पारीक, अंकुर गोयनका, पवन जोशी, अनिल जोशी, जितेंद्र सैनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सिंजारा पर्व आज मनाया जाएगा

**सीकर** (निसं)। फतेहपुरी गेट स्थित सिद्ध पीठ श्री विजय गणेश मंदिर में चार दिवसीय गणेश महोत्सव की शुरुआत रविवार से दुग्धाभिषेक के साथ हो चुकी है जो 28 अगस्त बुधवार को गणेश चतुर्थी के साथ संपन्न होगा। मंदिर महंत सीताराम पुजारी ने बताया कि आज विद्वान पण्डितो द्वारा मंत्रोचार से पूजा अर्चना कर भगवान गणेश को सहस्त्रनामावली से 1008 लड्डू व मोदक का भोग लगाया इस अवसर पर मंदिर परिसर को विशेष सजाया गया। मंदिर पुजारी पवन शर्मा ने बताया कि आज मंगलवार को भगवान गणेश का सिंजारा पर्व मेहंदी लगाकर एवं डंके व गुड़धाणी का भोग लगाकर मनाया जाएगा, सायंकाल छपन्न भोग लगाकर आरती की जाएगी। मंदिर पुजारी ताराचंद शर्मा ने बताया कि इस बार गणेश चतुर्थी बुधवार को धूमधाम से मनाई जाएगी।

### जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। जिले की गौशालाओं में अनुदान सहित विभिन्न मांगों को लेकर सीकर जिला गौशाला समिति के जिलाध्यक्ष पवन मोदी के नेतृत्व में सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया। समिति के जिला मंत्री सीताराम कुमावत ने बताया कि समिति के जिलाध्यक्ष पवन मोदी के नेतृत्व में समिति की ओर से मुख्यमंत्री के नाम दिए गए ज्ञापन में गौशालाओं को अनुदान पूर्व की भांति दो किस्तों में जारी करने, अनुदान भुगतान समय पर जारी करने, अनुदान आवेदन हेतु समय सीमा बढ़ाने सहित जिले की गौशालाओं से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया।

### चिकित्सा शिविर 2 से 4 सितम्बर तक

**सीकर** (निसं)। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के संयुक्त निदेशक ने बताया कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा सीकर जिले की दांतारामगढ़ के गामीण क्षेत्रों में अनुसूचित जाति के बाहुल्य क्षेत्रों के व्यक्तियों को निःशुल्क चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की दृष्टि से निःशुल्क अनुसूचित जाति आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि दो सितम्बर 2025 को दांतारामगढ़ तहसील के करणीपुरा,3 सितम्बर को दांतारामगढ़ तहसील के रूपगढ, 4 सितम्बर 2025 को दांतारामगढ़ तहसील के पृथ्वीपुरा में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किये जायेंगे।

**कार्यालय नगर विकास न्यास, सीकर**

सर्किट हाउस के पास, जयपुर रोड़, सीकर-332001 ई-मेल uit.sikar@rajasthan-gov-in, फोन नं. 01572-245057

क्रमांक:- न. वि.न्या/नियमन/2025/1052 **लोक सूचना/आपत्ति विज्ञप्ति** दिनांक: 25.08.2025

नगर विकास न्यास सीकर में आवेदक जमील अहमद चौहान पुत्र मकबुल अहमद द्वारा राजस्व ग्राम दूजोद तह. सीकर ग्रामीण के खसरा नम्बर 533 व 535 कुल रकबा 1.3545 हैक्टेयर भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। टाउनशिप पॉलिसी 2024 के बिन्दु संख्या 3.5.2 (VII)C के अनुसार इस क्षेत्र में जोनल प्लान प्रभावी नहीं होने के कारण ''सेक्टर प्लान की प्रस्तावित 18 मीटर सड़क (दूजोद के खसरा नम्बर 549) से मास्टर प्लान 2041 (प्रारूप) में प्रस्तावित 30 मीटर सड़क तक (दूजोद ग्राम के खसरा नम्बर 535 की दक्षिणी सीमा तक)'' ग्रामीण सडक/का मार्गाधिकार 18 मीटर किया जाना प्रस्तावित किया गया है। जिसका समायोजन मास्टर/जोनल प्लान बनाते समय नगर विकास न्यास सीकर द्वारा कर लिया जायेगा। इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त के सम्बन्ध में आपत्ति/आक्षेप इस नोटिस के प्रकाशन के 10 दिन भीतर-भीतर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 25.08.2025 को जारी की गयी।

जगदीश प्रसाद गौड़ (RAS) सचिव नगर विकास न्यास, सीकर

